www.aiche.org/ccps

http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx
Messages for Manufacturing Personnel

This issue sponsored by
www.acutech-consulting.com

# ये सब लोग कौन है ?

फरवरी 2015

बहुत सी गम्भीर घटनाओं में , इन क्षेत्रों में चल रहे कार्य की प्रगति को जाँचने के लिए आवश्यकता से अधिक व्यक्ति मौजूद हो सकते है। इन के कुछ उदाहरण है :

- उन्नीस व्यक्ति घटना स्थल से भागने में सफल हो गए जब कि कुछ लोग जो रिफ़ाइनरी में लीक होती हुई तेल की पाइप लाइन की जांच कर रहे थे , वो आग की लपटों में फंस गये। स्त्राव अचानक बढ़ गया जिससे ज्वलनशील वाष्प के बादल का उत्सर्जन हुआ और उस में (1) आग लग गई।
- जब कंप्रेसर अपशिष्ट जल ( Waste वॉटर) के भंडारण टैंक से वाष्प निकालने के लिए चालू किया गया , उस समय विस्फोट होने के कारण , 17 लोगो की मौत हुई। टैंक में अनापेक्षित रूप से ज्वलनशील वातावरण उपस्थित था।(2)
- धातु प्रक्रिया संयंत्र में पाइप से स्त्राव की जांच कर रहे पाँच कर्मचारियों में से तीन कर्मचारी घायल हो गए। (3) यह घटना हाइड्रोजन आग लगने के कारण हुई।

जब उपकरण को चालू किया जा रहा है या बंद किया जा रहा है या किसी असाधारण प्रचालन के दौरान गंभीर घटना होने की संभावना काफी अधिक है। पर क्यों ? कुछ स्थितियों में,परिवर्तन के समय शायद सुरक्षा उपकरण पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं होंगे । शुरुआत के समय , यह संभव है उपकरण को चालू करने के लिए तैयार करते समय किसीसे कोई गलती कर दी और फल स्वरूप कुछ सही नहीं हुआ है। संभवत वाल्व जो की बंद होना चाहिए था , खुला रह गया, पाइप लाइन में कुछ छूट गया और इसी प्रकार की कोई और त्रुटि। लोग जो संयंत्र या उपकरण को चालू कर रहे है , उन का ध्यान केवल (चालू करना) इसी पर ही केन्द्रित है और वो यह नहीं सोच पाते है क्या गलत हो सकता है या क्या होगा कि यदि ऐसा होता है। अस्त व्यस्त स्थिति होने से बहुत से अलार्म बज सकते हैं । जिस के कारण संभावित समस्या छुप सकती है।

चाहे वो नियंत्रण कक्ष हो या वो संयंत्र हो, बहुत अधिक लोगो की मौजूदगी विकर्षक स्थिति पैदा कर सकती है, जिसे से गलत निर्णय हो सकते है और उस कारण प्रोसेस सुरक्षा के गंभीर परिणाम हो सकते है। इस दुर्घटना के कारण भी चोट लग सकती है और वे उस क्षेत्र में बिना कारण थे ।


1


2


3

## आप क्या कर सकते है ?

**गैर मानक प्रचालन के ढंगों के लिए प्रचालन प्रक्रियाओं का अवलोकन – उदाहरण के लिए स्टार्ट अप,शटडाउन, प्रोसेस में गतिरोध या असामान्य स्थिति, उपकरण की समस्या या प्रोसेस की जांच पड़ताल । प्रक्रिया में यह सम्मिलित होना चाहिए कि क्या उस क्षेत्र में स्वीकार्य है या किस चीज़ की अनुमति नहीं है । यदि यह जानकारी स्पष्ट नहीं है तो आप इसे संयंत्र के प्रबंधन के सामने प्रस्तुत करे। नीचे कुछ प्रश्न दिये गये है जिनका उत्तर प्रचालन प्रक्रिया में होना चाहिए :**

1. इस कार्य के लिए कौन आवश्यक है ? कौन आवश्यक रूप से होना चाहिए? इस क्षेत्र में कौन से ऐसे लोग है जो अवश्य रूप से वहीं नहीं होने चाहिए और उन्हें सुरक्षित स्थान पर जाने के निर्देश दिये जाने चाहिए। नियोजित कार्यो जैसे कि स्टार्ट अप और शट डाउन के लिए, इस का निर्धारण करे कि स्टार्ट अप और शट डाउन की योजना बनाई गई है।
2. यदि कुछ गल्त घटता है तो क्षेत्र या संयंत्र में लोगो को क्या हो सकता है?
3. स्त्राव होने की स्थिति में आपात प्रक्रियाओं की अवलोकना करे- क्या उन को इस बात पर विचार करना चाहिए कि जो लोग प्रतुत्तर के लिए जरूरी नहीं है , उन को क्या करना चाहिए जब स्त्राव को रोका जा रहा है?
4. क्षेत्र में क्या सभी लोगो को मालूम है कि बांध का नियंत्रण टूटने की स्थिति में उन को क्या करना चाहिए ? क्या उन के पास व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण हैं ?
5. गैर मानक प्रचालन प्रक्रियाओं के दौरान अनावश्यक लोगो को उस क्षेत्र में जाने से रोकने के लिए कुछ कार्यो के स्थगन करने पर विचार करे।
6. यदि आप के पास प्रचालन के लिए विशिष्ट , परिभाषित कार्य नहीं है , आप कोई और स्थान पर जा सकते है ! यदि आप को विश्वास नहीं है तो जब यह प्रचालन चल रहा हो तो क्षेत्र के पर्यवेक्षक या प्रचालक से उपस्थित रहने के लिए अनुमति ले ले ?

***उपकरण को चालू करते समय या समस्या का समाधान करते समय यह सोचे कि किस की उपस्थिति अनावश्यक है !***

©AIChE 2015. सभी अधिकार सुरक्षित शैक्षणिक और गैर लाभ उद्देश्यों के लिए पुन:प्रकाशन को प्रोत्साहन दिया जाता है । तथापि अन्य उद्देश्यों के लिए इसका पुन:प्रकाशन वर्जित है। आप हमें ccps_beacon@aiche.org या 646-495-1371 पर संपर्क करे ।

यह बीकॉन अरेबिक,अफ्रीकन, चीनी,डेनिश,डच,अँग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन,ग्रीक,गुजराती,हिब्रू,,हिंदी,इटालियन,जापानी,कोरियन,मालाय,मराठी,नार्वेजियन,परशियन,पालिश,रूमानियन,रशियन,स्पेनिश, स्वीडिश,तेलगू, तुर्किश,थाई और वीयतनामी भाषाओं में उपलब्ध है। Translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta, Bharat Petroleum Corporation Limited, Mumbai Refinery, Mumbai - 400 074